# कैथ मध्यम सिंचाई परियोजना

## संक्षिप्त टीप

**कैथ मध्यम सिंचाई** परियोजना जिला सागर के वैकल्पिक एलाइनमेंट का तुलनात्मक **विवरण।**

**कैथ** मध्यम सिंचाई परियोजना सागर जिले की सागर तहसील के जैसीनगर **विकासखण्ड** के अंतर्गत ग्राम हनौता खुर्द के पास कैथ नदी पर प्रस्तावित है। जिसका कमाण्ड क्षेत्र रहली विकासखण्ड के अंतर्गत आता है। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. आर–43/2017/मध्यम/31/130 भोपाल दिनांक 23.02.2017 द्वारा राशि रू. 162.47 करोड़ की 5135 हे. रूपांकित सिंचाई हेतु प्रदाय की गई। योजना के प्रस्तावित स्थल पर 78.50 वर्ग किमी. जलग्रहण क्षेत्र है एवं 75% विश्वसनीयता पर अधिकतम 22.117 मिघमी. जल की आवक है। योजना के अपस्ट्रीम में शहर, सागर–रहली राजमार्ग व रेलमार्ग जैसे Obligatory points योजना के पूर्ण जलस्तर से प्रभावित नहीं करते है। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करने के पूर्व योजना में 484.60 मी. जल स्तर पर तीन वैकल्पिक एलाइनमेंट का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया था, तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार है:–

1. एलाइनमेंट नं. 1 :–

एलाइनमेंट क्र. 1 को कैथ नदी में दोनों ओर पहाड़ों के पास लगाकर सर्वेक्षण किया गया जिसका जल ग्रहण क्षेत्र 78.50 वर्ग किमी. है। जिसके आर.एल. 484.60 मी. के जलस्तर पर कुल 21.967 मिघमी. जल भराव क्षमता एवं 450.18 हे. कुल भूमि डूब में प्रभावित हो रही थी, जिसमें 79.912 हे. वनभूमि, 322.27 हे. निजी भूमि एवं 48.00 हे. शासकीय भूमि डूब में आ रही है। इससे मात्र 5135 हे. में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

2. एलाइनमेंट नं. 2 :–

एलाइनमेंट क्र. 2 को कैथ नदी में दोनों ओर पहाड़ों के मध्य में सर्वेक्षण किया गया जिसका जल ग्रहण क्षेत्र 81.40 वर्ग किमी. है। जिसके आर.एल. 484.60 मी. के जलस्तर पर कुल 20.72 मिघमी. जल भराव क्षमता एवं 474.20 हे. कुल भूमि डूब में प्रभावित हो रही थी, जिसमें 91.18 हे. वनभूमि, 320.62 हे. निजी भूमि एवं 62.40 हे. शासकीय भूमि डूब में आ रही है। इससे मात्र 4920 हे. में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

3. एलाइनमेंट नं. 3 :–

एलाइनमेंट क्र. 3 को कैथ नदी में दोनों ओर पहाड़ों के नीचे तरफ सर्वेक्षण किया गया जिसका जल ग्रहण क्षेत्र 83.00 वर्ग किमी. है। जिसके आर.एल. 484.60 मी. के जलस्तर पर कुल 19.96 मिघमी. जल भराव क्षमता एवं 485.21 हे. कुल भूमि डूब में प्रभावित हो रही थी, जिसमें 100.68 हे. वनभूमि, 316.53 हे. निजी भूमि एवं 68.00 हे. शासकीय भूमि डूब में आ रही है। इससे मात्र 4800 हे. में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

Scanned by CamScanner

उपरोक्त तीनों विकल्पों पर मुख्य अभियंता धसान केन कछार जल संसाधन विभाग एवं अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्डल सागर द्वारा विचार विमर्श किया गया एवं इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि विकल्प नं. 1 का प्रस्ताव तकनीकी रूप सही है। विकल्प नं. 1 जिस पर प्रशासकीय स्वीकृति प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किया गया है वहीं सर्वोत्तम विकल्प है।

| स. क्र. | वैकल्पिक एलाइनमेंट | कुल भराव क्षमता मिघमी. | कुल डूब क्षेत्र हे. में. | प्रभावित वन भूमि हे. में | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एलाइनमेंट 1 | 21.967 | 450.18 | 79.912 | 1 ग्राम डूब में प्रभावित 12 ग्राम आंशिक डूब में प्रभावित |
| 2 | एलाइनमेंट 2 | 20.72 | 474.20 | 91.18 | 1 ग्राम डूब में प्रभावित, 2 ग्राम आंशिक डूब में प्रभावित |
| 3 | एलाइनमेंट 3 | 19.96 | 485.21 | 100.68 | ग्राम डूब में प्रभावित, 2 ग्राम आंशिक डूब में प्रभावित |

अतः योजना निर्माण का विकल्प नं. 1 उपरोक्तानुसार संशोधन के साथ सर्वोत्तम विकल्प है, अन्य विकल्प विस्थापन, वनभूमि एवं कृषि भूमि की डूबने की दृष्टि से तकनीकी, आर्थिक, सामाजिक एवं पर्यावरणीय दृष्टि से निर्माण योग्य सही प्रतीत नहीं होते हैं।

अतः विकल्प– 1 प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है, को उपरोक्त संशोध के साथ मान्य किये जाने का अनुरोध है।

**सहपत्रः**– तीनों विकल्पों को दर्शाता हुआ इंडेक्स मेप।

M.L. Jain
(एम.एल. जैन)
उपयंत्री

(अंकुर शर्मा)
अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन उपसंभाग क्र. 3,
गढ़ाकोटा, सागर (म.प्र.)

(ए.के. चौबे)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग क्र. 1,
सागर (म.प्र.)

Scanned by CamScanner